## मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव, तहसील रक्कड़, जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 02.08.2018 से 31.12.2023

### भाग-एक

**1 प्रस्तावना:-**

मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव तहसील रक्कड़, जिला काँगड़ा सचिव, भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या: LCD-H(2)2/2018 दिनांक 02.08.2018 के अंतर्गत अस्तित्व में आया | मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव का यह प्रथम अंकेक्षण है |

**1 (ए) प्रारम्भिक :-**

(क) हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवं पूर्व विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 23(2) ग (2) तथा हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संस्था भाषा **(ए)**3-3/85-पार्ट-**II,** दिनांक 17.01.1989 के दृष्टिगत, मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव उप तहसील प्रागपुर, तहसील रक्कड़, जिला काँगड़ा हिमाचल प्रदेश के अवधि 02.08.2018 से 31.12.2023 तक के लेखाओं का अंकेक्षण हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**(ख) (i) अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नलिखित अधिकारी बतौर सहायक आयुक्त मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव में कार्यरत्त रहे ।**

| क्रमांक | अधिकारी का नाम | पद | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री धनवीर ठाकुर | सहायक आयुक्त | 18.01.2018 से 24.05.2022 |
| 2 | श्री संकल्प गौतम | सहायक आयुक्त | 25.05.2022 से 26.04.2023 |
| 3 | श्रीमती शिल्पी बेकटा | सहायक आयुक्त | 27.04.2023 से 31.12.2023 |

**(ii) अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नलिखित अधिकारी बतौर मन्दिर अधिकारी मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव में कार्यरत्त रहे।**

| **क्रमांक** | **अधिकारी का नाम** | **पद** | **अवधि** |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती शालिनी शर्मा | मन्दिर अधिकारी | 31.08.2018 से 28.09.2018 |
| 2 | श्री सतीश शर्मा | मन्दिर अधिकारी | 29.09.2018 से 28.02.2019 |
| 3 | श्री राजीव ठाकुर | मन्दिर अधिकारी | 01.03.2019 से 27.07.2019 |
| 4 | श्री सतीश शर्मा | मन्दिर अधिकारी | 28.07.2019 से 06.03.2021 |
| 5 | सुश्री कंचन देवी | मन्दिर अधिकारी | 07.03.2021 से 26.03.2021 |
| 6 | श्री सतीश शर्मा | मन्दिर अधिकारी | 27.03.2021 से 27.04.2021 |
| 7 | श्री अमित शर्मा | मन्दिर अधिकारी | 28.04.2021 से 31.12.2023 |

**(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव तहसील रक्कड़, जिला काँगड़ा के लेखाओं अवधि 02.08.2018 से 31.12.2023 के अंकेक्षण के दौरान पाई गई गंभीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है :-

| **क्र० सं०** | **गम्भीर अनियमितताओं का सार** | **पैरा संख्या** | **राशि (₹ लाखों में )** |
|---|---|---|---|
| **1** | आधिक्य (Surplus) निधि राशि को सावधि जमा में निवेश न करना। | 7 | विस्तृत विवरण पैरे में दिया गया है। |
| **2** | सामान को क्रय करने से पूर्व निर्धारित एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण न करना। | 10 | 4.34 |
| **3** | वार्षिक बजट तैयार न करना। | | विस्तृत विवरण पैरे में दिया गया है। |

## भाग – दो

2 **वर्तमान अंकेक्षण :-**

मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव तहसील रक्कड़, जिला काँगड़ा के अवधि 02.08.2018 से 31.12.2023 के लेखाओं का वर्तमान श्री श्रवण कुमार, सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) द्वारा दिनांक **20.05.2024** से **30.05.2024** तक के दौरान श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव मंदिर के कार्यालय में किया गया।

**आय – व्यय की विस्तृत जांच हेतु निम्नलिखित मासों का चयन किया गया।**

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2018 | 08/2018 | - |
| 2019 | 08/2019 | 04/2019 |
| 2020 | 02/2020 | 05/2020 |
| 2021 | 02/2021 | 04/2021 |
| 2022 | 07/2022 | 09/2022 |
| 2023 | 04/2023 | 08/2023 |

प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण एवम निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव तहसील रक्कड़, जिला काँगड़ा द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। मन्दिर न्यास द्वारा प्रदान की गई किसी भी प्रकार की गलत /अधूरी सूचना अथवा सूचना प्रदान न करने के कारण अंकेक्षण प्रतिवेदन पर पड़ने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं है ।

3 **अंकेक्षण शुल्क :-**

मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव जिला काँगड़ा के अवधि 02.08.2018 से 31.12.2023 के लेखाओं का अंकेक्षण शुल्क ₹9000 आंका गया है जिसे रेखांकित बैंक ड्राफ्ट द्वारा निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला -171009

को प्रेषित करने हेतु सहायक नियन्त्रक के पत्र संख्या: HPSAD/AC/SML-2024-25-137 दिनांक 30.05.2024 द्वारा मन्दिर अधिकारी मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव तहसील रक्कड़, जिला काँगड़ा (हि० प्र०) से अनुरोध किया गया। अंकेक्षण शुल्क का विवरण **परिशिष्ट – 'क'** पर दिया गया है।

4 (क) **वित्तीय स्थिति :-**

मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव उप तहसील प्रागपुर द्वारा प्रस्तुत मन्दिर न्यास के अवधि 02.08.2018 से 31.12.2023 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट -'ख'** पर भी दिया गया है।

| Year | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Opening Balance | 1496155 | 1695210 | 2956208 | 3068136 | 3605684 | 4484050 |
| Offering to deity cash | 168380 | 1417017 | 279072 | 782374 | 1659991 | 1526246 |
| Interest earned/received on Savings & FDRs | 30675 | 75157 | 101590 | 99450 | 115996 | 144750 |
| Other income | 0 | 67400 | 21500 | 80500 | 146500 | 150000 |
| FDR's matured/ encashed | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Grant-in-Aid from Govt , if any | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **Grand Total** | **1695210** | **3254784** | **3358370** | **4030460** | **5528171** | **6305046** |
| Expenditure during the year | 0 | 298576 | 290234 | 424776 | 1044121 | 919209 |
| Amount transferred to various department for deposit works | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Investment in new FDR's | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **Total** | **0** | **298576** | **290234** | **424776** | **1044121** | **919209** |
| Closing Balance | 1695210 | 2956208 | 3068136 | 3605684 | 4484050 | 5385837 |

| | |
|---|---|
| दिनांक 31.12.2023 को रोकड़ बही में अन्तशेष =₹**5385837** | |
| दिनांक 31.12.2023 को बैंक में जमा अन्तशेष = ₹**5385837** | |
| अंतर की राशि (कृपया बैंक समाधान विवरण देखें) ` **शून्य** | |
| | |

**(ख) बैंक समाधान विवरणिका दिनांक 31-12-2023 परिशिष्ट-"ग"-:**

| **Particulars** | **Amount (in ₹)** |
|---|---|
| Balance as per Cash Book | **5385837** |
| Balance as per Pass book | **5385837** |

**(ग) Detail of Closing bank balance as on 31.12.2023 in respect of Temple Trust Shree Kalinath Kaleshwar Mahadev, Sub Tehsil Pragpur, Tehsil Rakkar Distt. Kangra (H.P.)**

| **S.No.** | **Account Number** | **Name of Bank** | **Amount (in ₹)** |
|---|---|---|---|
| 1 | 50069669403 | The Kangra Central Co-opeartive Bank Ltd. Rakkar | **5385837** |
| | | **Grand Total** | **₹5385837** |

**4.1 आय-व्यय का वितीय विश्लेष्ण:-**

मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव की गत पांच वर्षों के आय-व्यय का वितीय विश्लेषण निम्न प्रकार से है:-

| **वर्ष** | **आय** | **व्यय** |
|---|---|---|
| 2018 | 199055 | 0 |
| 2019 | 1559574 | 298576 |
| 2020 | 402162 | 290234 |
| 2021 | 962324 | 424776 |

| | | |
|---|---|---|
| 2022 | 1922487 | 1044121 |
| 2023 | 1820996 | 919209 |
| वर्ष 2019 में वृद्धि/कमी | (+)683.49% | (+)100.00% |
| वर्ष 2020 में वृद्धि/कमी | (-) 74.21% | (-)02.79% |
| वर्ष 2021 में वृद्धि/कमी | (+) 139.29% | (+)46.21% |
| वर्ष 2022 में वृद्धि/कमी | (+) 99.78% | (+) 145.81% |
| वर्ष 2023 में वृद्धि/कमी | (-) 05.28% | (-) 11.96% |

**5 गत छ: वर्षों में चढ़ावे के रूप में प्राप्त आय में आई कमी बारे :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव द्वारा गत छः वर्षों में चढ़ावे के रूप में निम्नलिखित प्रकार से आय प्राप्त हुई है।

| क्रम संख्या | वर्ष | चढ़ावे के रूप में प्राप्त आय |
|---|---|---|
| 01 | 2018 | 168380 |
| 02 | 2019 | 1417017 |
| 03 | 2020 | 279072 |
| 04 | 2021 | 782374 |
| 05 | 2022 | 1659991 |
| 06 | 2023 | 1526246 |

**सोना चांदी का विवरण :-**

**6 सोना:-**

मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव उप तहसील प्रागपुर की अवधि 08/2018 से 31.12.2023 तक के दौरान सोने की स्थिति शून्य है | इस सन्दर्भ में मंदिर अधिकारी, मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया है कि मंदिर अधिग्रहण की तिथि दिनांक 02.08.2018 से 31.12.2023 तक कोई भी सोने

की वस्तु मंदिर न्यास को प्राप्त नहीं हुई है | जिसका प्रमाण - पत्र **परिशिष्ट – "घ "** पर भी दिया गया है।

**6.1 चांदी :-**

मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव उप तहसील प्रागपुर की अवधि 08/2018 से 31.12.2023 तक के दौरान चांदी की स्थिति निम्न प्रकार से है। जिसका विवरण **परिशिष्ट – "ङ"** पर भी दिया गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अवधि 02.08.2018 से 31.12.2018** | | | |
| | **किलोग्राम** | **ग्राम** | **मिली ग्राम** |
| प्रारम्भिक शेष | शून्य | शून्य | शून्य |
| प्राप्ति | शून्य | शून्य | शून्य |
| कुल योग (**31.12.2018**) | शून्य | शून्य | शून्य |
| अवधि **01.01.2019** से **31.12.2019** | | | |
| गत शेष | शून्य | शून्य | शून्य |
| प्राप्ति | **0** | **23** | **710** |
| कुल योग (**31.12.2019**) | **0** | **23** | **710** |
| अवधि **01.01.2020** से **31.12.2020** | | | |
| गत शेष | **0** | **23** | **710** |
| प्राप्ति | शून्य | शून्य | शून्य |
| कुल योग | **0** | **23** | **710** |
| अवधि **01.01.2021** से **31.12.2021** | | | |
| गत शेष | **0** | **23** | **710** |
| प्राप्ति | शून्य | शून्य | शून्य |
| कुल योग | **0** | **23** | **710** |
| अवधि **01.01.2022** से **31.12.2022** | | | |
| गत शेष | **0** | **23** | **710** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्राप्ति | 0 | 73 | 079 |
| कुल योग | 0 | 96 | 789 |
| अवधि **01.01.2023** से **31.12.2023** | | | |
| गत शेष | 0 | 96 | 789 |
| प्राप्ति | 0 | 47 | 098 |
| कुल योग | 0 | 143 | 887 |

**7 आधिक्य (Surplus) निधि राशि को सावधि जमा में निवेश न करना |**

अंकेक्षण अवधि 08/18 से 12/23 तक प्रत्येक वर्ष में प्राप्त आय (चढ़ावा व अन्य आय) तथा वर्ष के दौरान किये गये कुल व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Year | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Offering to diety cash | 168380 | 1417017 | 279072 | 782374 | 1659991 | 1526246 |
| Other Income | 0 | 67400 | 21500 | 80500 | 146500 | 150000 |
| Total Income | 168380 | 1484417 | 300572 | 862874 | 1806491 | 1676246 |
| Expenditure during the year | 0 | 298576 | 290234 | 424776 | 1044121 | 919209 |
| % of expenditure over income | 0% | 20.00% | 96.56% | 49.22% | 57.80% | 54.84% |
| Closing bank balance at the end of year | **1695210** | **2956208** | **3059801** | **3605684** | **4484050** | **5385837** |

उपरोक्त तालिका से स्पष्टत: विदित है कि मंदिर न्यास को चढ़ावे के रूप में प्राप्त आय व अन्य आय से वर्ष के दौरान किये जाने वाले व्यय हेतु पर्याप्त राशि उपलब्ध रही है तथा समस्त व्यय करने उपरान्त वर्ष के अंत में अत्याधिक राशि बैंक में शेष जमा थी, जिसे मंदिर न्यास द्वारा सावधि जमा में निवेश नहीं किया गया है, जोकि एक गंभीर अनियमितता है तथा अकुशल वितीय प्रबंधन को भी परिलक्षित करता है | क्योंकि यदि उक्त जमा राशि

में से मंदिर न्यास की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधिक्य (Surplus) निधि को सावधि जमा में निवेश किया होता तो ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती थी |

उक्त अनियमितता अंकेक्षण द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या-HPSAD/AC/SML: 20242-51-35 दिनांक 28.05.2024 के माध्यम से मंदिर न्यास के ध्यानार्थ लाई गई थी, जिसके प्रत्युतर में मंदिर अधिकारी द्वारा पत्रांक संख्या: 475 –का०/का० –रक्कड़ दिनांक 30.05.2024 के माध्यम से अवगत करवाया है कि "मंदिर न्यास को चढ़ावे के रूप में प्राप्त आय व अन्य आय से वर्ष के दौरान किये जाने वाले व्यय हेतु पर्याप्त राशि उपलब्ध रही है तथा समस्त व्यय करने उपरान्त वर्ष के अंत में अत्याधिक राशि बैंक में शेष जमा थी, जिसे मंदिर न्यास द्वारा सावधि जमा में निवेश नहीं किया गया है | भविष्य में मंदिर न्यास की अत्याधिक जमा राशि को सावधि जमा में निवेश कर दिया जाएगा |" अतः भविष्य में बैंक में अत्याधिक शेष जमा राशि को निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाए |

**8. बिजली बिलों का देय तिथि के उपरान्त भुगतान करने के कारण ₹ 870 के अधिभार के रूप में वितीय हानि |**

अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि मंदिर परिसर में लगे विभिन्न विद्युत मीटरों के बिलों का यथा समय भुगतान न करने के कारण हि० प्र० राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा निम्न विवरणानुसार ₹870 का बिजली बिलों पर अधिभार प्रभारित किया गया है | बिजली बिलों पर अधिभार का भुगतान करने के परिणामस्वरूप मंदिर न्यास को ₹870 वितीय हानि हुई है | जिस हेतु उतरदायी कर्मचारी का उतरदायित्व निर्धारित करते हुए सम्बंधित से वसूली करके मंदिर न्यास निधि में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए |

| Sr. Nos. | Voucher No/Dated | Metre Nos. | Bill amount before due date | Bill amount paid after due date | Surcharge paid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Nil/16.08.2019 | 100002059517 | 28975 | 29532 | 557 |
| 2 | Nil/01.10.2019 | 100002059517 | 302 | 308 | 6 |
| 3 | Nil/10.10.2019 | 100002059517 | 494 | 504 | 10 |
| 4 | Nil/28.02.2020 | 100002059517 | 406 | 414 | 8 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Nil/26.06.2020 | 100002059517 | 1180 | 1203 | 23 |
| 6 | Nil/21.10.2020 | 100002059517 | 658 | 668 | 10 |
| 7 | Nil/11.10.2020 | 100002059517 | 276 | 281 | 5 |
| 8 | Nil/18.03.2021 | 100002059517 | 305 | 309 | 4 |
| 9 | Nil/27.04.2021 | 100002059517 | 291 | 295 | 4 |
| 10 | Nil/16.07.2021 | 100002059517 | 292 | 297 | 5 |
| 11 | Nil/26.08.2021 | 100002059517 | 290 | 294 | 4 |
| 12 | Nil/11.10.2021 | 100002059517 | 312 | 317 | 5 |
| 13 | Nil/25.04.2022 | 100002059517 | 8487 | 8614 | 127 |
| 14 | Nil/28.12.2022 | 100002059517 | 1841 | 1869 | 28 |
| 15 | Nil/06.03.23 | 100002059517 | 677 | 687 | 10 |
| 16 | Nil/11.04.23 | 100002059517 | 858 | 870 | 12 |
| 17 | Nil/11.07.23 | 200007028796 | 2707 | 2747 | 40 |
| 18 | Nil/11.04.23 | 100002059517 | 1062 | 1078 | 12 |
| | | | | **Total** | **870** |

उक्त अनियमितता अंकेक्षण अधियाचना संख्या202-HPSAD/AC/SML:42-5-133 दिनांक 28.05.2024 के माध्यम से मंदिर न्यास के ध्यानार्थ लाई गई थी, जिसके प्रत्युतर में मंदिर अधिकारी द्वारा पत्रांक संख्या: 476 –का०/का० –रक्कड़ दिनांक 31.05.2024 के माध्यम से अवगत करवाया है कि बिजली बिलों पर अधिभार के भुगतान करने के परिणामस्वरूप जो वितीय हानि हुई है | उपरोक्त ₹870 की राशि मंदिर न्यास निधि में दिनांक 31.05.2024 को जमा करवा दी गई है | जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर ली गई है | अतः भविष्य में बिजली बिलों का यथा समय भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए |

**9 फर्म को ₹ 650 का अधिक भुगतान |**

अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचरों के अवलोकन पर पाया गया कि मै० शिवांश कंप्यूटर, देहरा, जिला काँगड़ा को राज्य स्तरीय वैशाखी मेले सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने हेतु बीजक संख्या 271 दिनांक 12.04.2019 के अंतर्गत कुल राशि ₹16537 का भुगतान

किया गया है, जबकि उक्त बीजक की कुल राशि ₹15887 बनती है | अतः उक्त फर्म को ₹650 (16537- 15887) का अधिक भुगतान किया गया है | जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके मंदिर न्यास निधि में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए |

उक्त अनियमितता अंकेक्षण अधियाचना संख्या202-HPSAD/AC/SML:42-5-134 दिनांक 28.05.2024 के माध्यम से मंदिर न्यास के ध्यानार्थ लाई गई थी, जिसके प्रत्युतर में मंदिर अधिकारी द्वारा पत्रांक संख्या: 471 –का०/का० –रक्कड़ दिनांक 29.05.2024 के माध्यम से अवगत करवाया है कि ₹650 की राशि उक्त फर्म से वसूल करके दिनांक 29.05.2024 को मंदिर ट्रस्ट निधि के बैंक खाता में जमा करवा दी गई है, जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर ली गई है | अतः भविष्य में मंदिर न्यास द्वारा कोई भी भुगतान करने से पूर्व संस्था स्तर पर गणना करने उपरान्त ही भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए |

**10. ₹4.34 लाख के सामान को क्रय करने से पूर्व निर्धारित एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण न करना |**

हिमाचल प्रदेश वितीय नियमावली 2009 के नियम 97 व 98 के अनुसार स्थाई व अस्थाई सामान को क्रय करने से पूर्व निर्धारित एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की जानी अनिवार्य है | लेकिन अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि 08/2018 से 12/2023 के दौरान निम्न विवरणानुसार मंदिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव में ₹434229 के स्थाई व अस्थाई सामान को क्रय करने से पूर्व निर्धारित एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण नहीं की गई है | निम्न प्रकरणों में क्रय से पूर्व कोई निविदा खुले बाज़ार से आमंत्रित नहीं की गई थी, जिसके कारण बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया जोकि एक गंभीर वितीय अनियमितता है, जिसको या तो नियमानुसार न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाने के अतिरिक्त भविष्य में नियमानुसार विहित औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त ही व्यय/क्रय करना सुनिश्चित किया जाए |

| क्रम संख्या | वाउचर संख्या /बीजक संख्या | दिनांक | फर्म का नाम व पता | क्रय सामान का विवरण | मात्रा | दर | मूल्य (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 271 | 12.04.19 | मै० शिवांश कंप्यूटर, देहरा जिला काँगड़ा | सी० सी० टी० वी० कैमरे लगाने हेतु | - | - | 16537 |
| 2 | 014 | 10.04.19 | मै० संदीप हार्डवेयर स्टोर नक्की रोड प्रागपुर | वाश वेसिन लगवाने हेतु | - | - | 7070 |
| 3 | 223 | 12.04.19 | मै० शर्मा ट्रेडर्स नक्की रोड प्रागपुर | सफेदी व् रंग करवाने हेतु | - | - | 3970 |
| 4 | 1203 | 15.04.19 | मै० शिवम् टेंट हाउस प्रागपुर | लाइटिंग व साज-सज्जा | - | - | 23500 |
| 5 | 037 | 10.04.19 | मै० नरेश कुमार वेल्डिंग वर्क्सगरली , जिला काँगड़ा | लोहे के एंगल व रस्से | - | - | 8350 |
| 6 | 516 | 22.05.19 | मै० अमर स्टेशनर एंड प्रिंटर देहरा जिला काँगड़ा | रसीद बुकों का मुद्रण | - | - | 5000 |
| 7 | 771 | 01.06.19 | मै० अमन बर्तन एंड हार्डवेयर स्टोर प्रागपुर | स्टोर/स्टॉक वस्तुओं का क्रय | - | - | 8750 |
| 8 | 831 | 21.07.19 | मै० अमन बर्तन एंड हार्डवेयर स्टोर प्रागपुर | मैट रोल | 1 रोल | 4650 | 4650 |
| 9 | 298 | 14.08.19 | मै० अवन्तिका इलेक्ट्रॉनिक्स प्रागपुर | दीवार पंखा | 1 | 4020 | 4020 |
| 10 | शून्य | शून्य | मै० नीरज टेंट हाउस बलाहर प्रागपुर | टेंट की व्यवस्था | - | - | 10500 |
| 11 | 722 | 22.07.19 | मै० शिवांश कंप्यूटर, जिला काँगड़ा देहरा | सी० सी० टी० वी०कैमरे लगाने हेतु | - | - | 24700 |
| 12 | 729 | 28.01.20 | मै० योग राज शर्मा | सोमानी रुबल का | 31 | 708 | 21948 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एंड संस नक्की रोड प्रागपुर | क्रय | | | |
| 13 | 905 | 21.03.20 | मै० हर्तिक हार्डवेयर स्टोर सदवां | रंग रोगन के सामान का क्रय | - | - | 26978 |
| 14 | 041 | 25.01.20 | मै० नरेश कुमार वेल्डिंग वर्क्स गरली , जिला काँगड़ा | जाली लगवाने हेतु | - | - | 6175 |
| 15 | 044 | 02.03.20 | मै० नरेश कुमार वेल्डिंग वर्क्स गरली , जिला काँगड़ा | जाली लगवाने हेतु | - | - | 19075 |
| 16 | 043 | 25.02.20 | मै० नरेश कुमार वेल्डिंग वर्क्स गरली , जिला काँगड़ा | जाली लगवाने हेतु | - | - | 13678 |
| 17 | 52 | 02.03.20 | मै० आकाश वेल्डिंग वर्क्स गरली जिला , काँगड़ा | गेट लगवाने हेतु | - | - | 8000 |
| 18 | 1339 | 17.04.20 | मै० शिवांश कंप्यूटर , देहरा जिला काँगड़ा | सी० सी० टी० वी० कैमरे लगाने हेतु | - | - | 27810 |
| 19 | 130 | 20.04.21 | मै० हिम कंप्यूटर , कलोहा | सी० सी० टी० वी० कैमरे की मुरम्मत | - | - | 6300 |
| 20 | 001 | 14.04.21 | मै० कुमार टेंट हाउस गरली | टेंट की व्यवस्था | - | - | 7800 |
| 21 | शून्य | 19.04.21 | मै० कुमार टेंट हाउस गरली | टेंट की व्यवस्था | - | - | 8025 |
| 22 | 123 | 23.08.21 | मै० ठाकुर टेंट हाउस रक्कड़ | टेंट की व्यवस्था | - | - | 27650 |
| 23 | 064 | 25.10.21 | मै० नरेश कुमार वेल्डिंग वर्क्स गरली, जिला काँगड़ा | दान पात्र का क्रय | - | - | 6390 |
| 24 | 175 | 22.12.21 | मै० विश्वकर्मा वेल्डिंग | सीढ़ी का क्रय | 1 | 3460 | 3460 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वर्क्स रक्कड़ | | | | |
| 25 | शून्य | 02.03.22 | मै० कुमार टेंट हाउस गरली | टेंट की व्यवस्था | - | - | 7600 |
| 26 | 292 | 28.02.22 | मै० रेखा काष्ठ ग्रामोद्योग एसोसिएशन प्रागपुर | प्लास्टिक की कुर्सिया | 8 | 500 | 4000 |
| | | | | टेबल प्लास्टिक | 1 | 500 | 500 |
| 27 | 075 | 22.04.22 | मै० नरेश कुमार वेल्डिंग वर्क्स गरली जिला काँगड़ा | एंगल व जाली लगवाने हेतु | - | - | 11807 |
| 28 | 233 | उल्लेखित नहीं | मै० डोगरा इंटरप्राइजेज नादौन | टूलू पंप का क्रय | 1 | 5040 | 5040 |
| 29 | 472 | 16.06.22 | मै० अमन बर्तन एंड हार्डवेयर स्टोर प्रागपुर | मैट रोल | वर्ग 110 फुट | 45 | 4950 |
| 30 | 675 | 16.06.22 | मै० शर्मा स्टील इंडस्ट्री प्रागपुर | ई०पी० ई० शीट विथ कवर | 10 | 495.6 | 4956 |
| 31 | 010 | 16.07.22 | मै० रेखा काष्ठ ग्रामोद्योग एसोसिएशन प्रागपुर | प्लास्टिक की कुर्सिया | 9 | 550 | 4950 |
| 32 | 503 | 12.07.22 | मै० अमन बर्तन एंड हार्डवेयर स्टोर प्रागपुर | मैट | 100 वर्ग फुट | 45 | 4500 |
| 33 | 1599 | 04.08.22 | मै० सोनू ब्रदर इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक स्टोर प्रागपुर | दीवार पंखा | 2 | 2450 | 4900 |
| 34 | 1071 | 10.08.22 | मै०श्री राम हार्डवेयर एंड जनरल स्टोर रक्कड़ | फ्लेश सिस्टर्न विथ एल बेंड विथ पाइप | 1 | 4900 | 4900 |
| 35 | 1071 | 12.08.22 | मै०श्री राम हार्डवेयर | फिटिंग का सामान | - | - | 4900 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एंड जनरल स्टोर रक्कड़ | | | | |
| 36 | 016 | 07.09.22 | मै० रेखा काष्ठ ग्रामोद्योग एसोसिएशन प्रागपुर | प्लास्टिक की कुर्सिया | 9 | 550 | 4950 |
| 37 | 1073 | 16.08.22 | मै० श्री राम हार्डवेयर एंड जनरल स्टोर रक्कड़ | फिटिंग का सामान | - | - | 4400 |
| 38 | 022 | 03.01.23 | मै० रेखा काष्ठ ग्रामोद्योग एसोसिएशन प्रागपुर | प्लास्टिक की कुर्सिया | 8 | 600 | 4800 |
| 39 | 104 | 15.04.23 | मै० नरेश कुमार वेल्डिंग वर्क्सगरली जिला काँगड़ा | एंगल व दरवाजा लगवाने हेतु | - | - | 13214 |
| 40 | शून्य | 03.07.23 | श्री सोहन सिंह गाँव चम्बापतन प्रागपुर | पानी के टैंक | 10 | 700 | 7000 |
| 41 | 36 | 01.07.23 | मै० रेखा काष्ठ ग्रामोद्योग एसोसिएशन प्रागपुर | टेबल | 1 | 5000 | 5000 |
| 42 | 4793 | 02.08.23 | मै० बेदी इलेक्ट्रॉनिक्स नेहरन पुखर | पंखा | 1 | 4400 | 4400 |
| 43 | शून्य | 07.08.23 | श्री सोहन सिंह गाँव चम्बापतन प्रागपुर | पानी के टैंक | 8 | 700 | 5600 |
| 44 | 038 | 02.08.23 | मै० रेखा काष्ठ ग्रामोद्योग एसोसिएशन प्रागपुर | प्लास्टिक की कुर्सिया | 8 | 600 | 4800 |
| 45 | 130 | 10.10.23 | मै० नरेश कुमार वेल्डिंग वर्क्सगरली , जिला काँगड़ा | गेट लगवाने हेतु | - | - | 9726 |
| 46 | शून्य | 20.11.23 | श्री सोहन सिंह गाँव चम्बापतन प्रागपुर | पानी के टैंक | 10 | 700 | 7000 |
| | | | | | | **कुल योग** | **434229** |

उक्त प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या202-HPSAD/AC/SML:42-51-32 दिनांक 28.05.2024 के माध्यम से मंदिर न्यास के ध्यानार्थ लाया गया था, जिसके प्रत्युतर में मंदिर अधिकारी द्वारा पत्रांक संख्या: 473 –का०/का० –रक्कड़ दिनांक 30.05.2024 के माध्यम से अवगत करवाया है कि हिमाचल प्रदेश वितीय नियमावली, 2009 के नियम 97 व 98 के अनुसार स्थाई व अस्थाई सामान को क्रय करने से पूर्व निर्धारित एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने बारे लिखा गया है | उक्त सामान को क्रय करने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं (निविदा) इत्यादि आमंत्रित की गई है | उतर संतोषजनक नहीं है, क्योंकि मंदिर न्यास द्वारा स्थाई व अस्थाई सामान को क्रय करने हेतु निर्धारित एवं आवश्यक औपचारिकताएं सम्बन्धी अभिलेख अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं किये गये है | अतः भविष्य में नियमानुसार विहित औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त ही व्यय/क्रय करना सुनिश्चित किया जाए |

**11 अवधि 02.08.2018 से 31.12.2023 तक का वार्षिक बजट तैयार न करना |**

"हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवं पूर्व विन्यास नियम 1984 के अध्याय -6 नियम -22 के अनुसार मंदिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव तहसील रक्कड़, जिला काँगड़ा का प्रत्येक वर्ष बजट तैयार किया जाना अनिवार्य है |" लेकिन जांच के दौरान पाया गया कि मंदिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव का अंकेक्षण अवधि 02.08.2018 से 31.12.2023 तक का वार्षिक बजट तैयार नहीं किया गया था | अतः मंदिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव का प्रत्येक वर्ष बजट तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए |

उक्त अनियमितता अंकेक्षण अधियाचना संख्या202-HPSAD/AC/SML:4-251-36 दिनांक 28.05.2024 के माध्यम से मंदिर न्यास के ध्यानार्थ लाया गया था, जिसके प्रत्युतर में मंदिर अधिकारी द्वारा पत्रांक संख्या: 474 –का०/का० –रक्कड़ दिनांक 30.05.2024 के माध्यम से अवगत करवाया है कि मंदिर अधिग्रहण के पश्चात वर्ष वार बजट प्राक्कलन सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित नहीं करवाए गये थे, जिन्हें अब आयुक्त मंदिर एवं जिलाधीश काँगड़ा की सेवा में कार्योतर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाएगा एवं कार्योतर स्वीकृति उपरान्त तदानुसार अंकेक्षण को आगामी अंकेक्षण में अवगत करवा दिया जाएगा | अतः उक्त अवधि के वार्षिक बजट की सक्षम प्राधिकारी से कार्योतर स्वीकृति प्राप्त करके अंकेक्षण को आगामी अंकेक्षण में अवगत करवाया जाए |

**12 भण्डार का प्रत्यक्ष भौतिक सत्यापन न करना |**

अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि मंदिर न्यास के विभिन्न भण्डार रजिस्टरों में दर्ज सामान का प्रत्यक्ष भौतिक सत्यापन नहीं करवाया जा रहा था जबकि हिमाचल प्रदेश वितीय नियमावली 2009 के नियम 140 के अनुसार भण्डार में पड़े सामान का प्रत्येक वर्ष प्रत्यक्ष भौतिक सत्यापन किया जाना अपेक्षित है | अतः उपरोक्त वर्णित नियमों की अनुपालना में भण्डार का प्रत्यक्ष भौतिक सत्यापन न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा नियमानुसार अविलम्ब भंडार का प्रत्यक्ष भौतिक सत्यापन करने के साथ साथ भविष्य में भी वार्षिक भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाये तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये ।

13 **लघु आपति विवरणी:-** इसे अलग से जारी नहीं किया गया है अपितु सभी लघु आपतियों का निपटारा स्थल पर ही कर दिया गया था।

14. **निष्कर्ष-:** लेखों का रख-रखाव अति संतोषजनक है।

28 SEP 2024

(रविन्द्र कंवर)
संयुक्त निदेशक,
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
शिमला–09
दूरभाष 0177–2620881

का0/प्रति0

4664– 4668

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)(14)341/24 खण्ड–1 दिनांकःशिमला–09
प्रतिलपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

1 अतिरिक्त मुख्य सचिव (भाषा एवं संस्कृति विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला–2.
2 उपायुक्त कांगड़ा एवं आयुक्त मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महोदव, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)
3 उप सचिव एवं समिति अधिकारी, स्थानीय निधि लेखा समिति, हि0प्र0 विधान सभा, शिमला–04 (हि0प्र0) को सूचनार्थ प्रेषित है।
4 निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–09.

**पंजीकृत** 5 मन्दिर अधिकारी, मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महोदव, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करवाकर सटिप्पण उतर एक माह के भीतर इस विभाग को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

28 SEP 2024

(रविन्द्र कंवर)
संयुक्त निदेशक,
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
शिमला–09
दूरभाष 0177–2620881

का0/प्रति0

परिशिष्ट - "क"    सन्दर्भित पैरा संख्या : 3

**TT Mata Shree Kalinath Kaleshwar Mahadev Tehsil Rakkar, Distt. Kangra**
**(Attendence Chart)**

Sharwan Kumar, Assistant Controller (Audit)

| Date | Day | Progressive Total |
|---|---|---|
| 20.05.2024 | 1 | 1 |
| 21.05.2024 | 1 | 2 |
| 22.05.2024 | 1 | 3 |
| 23.05.2024 | Gezzetted Holiday | - |
| 24.05.2024 | 1 | 4 |
| 25.05.2024 | 1 | 5 |
| 26.05.2024 | Sunday | - |
| 27.05.2024 | 1 | 6 |
| 28.05.2024 | 1 | 7 |
| 29.05.2024 | 1 | 8 |
| 30.05.2024 | 1 | 9 |

Details of Audit fees

| Sl Nos. | Name of Officer/officials with Designation | Nos. of working days | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Sharwan Kumar, Assistant Controller (Audit) | 9 | 1000 | 9000 |

Assistant Controller (Audit)
H.P. State Audit Department
SDA Complex, Shimla-171009

परिशिष्ट-'ख'　　　सन्दर्भित पैरा संख्या 4(क) से (ग)

**Financial Position of Accounts in respect of Temple Trust Shree Kalinath Kaleshwar Mahadev, Tehsil Rakkar, Distt. Kangra. H.P**

| Year | Opening Balance | Offering to diety cash | Other Income | Interest | Total | Expenditure | Closing Balance |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018 | 1496155 | 168380 | 0 | 30675 | 1695210 | 0 | 1695210 |
| 2019 | 1695210 | 1417017 | 75157 | 67400 | 3254784 | 298576 | 2956208 |
| 2020 | 2956208 | 279072 | 101590 | 21500 | 3358370 | 290234 | 3068136 |
| 2021 | 3068136 | 782374 | 99450 | 80500 | 4030460 | 424776 | 3605684 |
| 2022 | 3605684 | ,1659991 | 115996 | 146500 | 5528171 | 1044121 | 4484050 |
| 2023 | 4484050 | 1526246 | 144750 | 150000 | 6305046 | 919209 | 5385837 |

| |
|---|
| Balance as per Cash book as on 31.12.2023 =₹ 53,85,837.00 |
| Balance as per Bank Pass Book as on 31.12.2023 = ₹ 53,85,837.00 |
| Difference = NIL |

**Bank Reconciliation Statement as on 31.12.2023**

| | Particulars | Amount (in ₹) |
|---|---|---|
| | Balance as per Cash Book | 5385837 |
| | Balance as per Pass book | 5385837 |

**Detail of Closing bank balance as on 31.12.2023 in respect of Temple Trust Shree Kalinath Kaleshwar Mahadev, Tehsil Rakkar, Distt. Kangra (H.P.)**

| S.No. | Account Number | Name of Bank | Amount (in ₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 50069669403 | The Kangra Central Co-opeartive Bank Ltd. Rakkar | 5385837 |
| | Grand Total Rs. | | 5385837 |

मन्दिर अधिकारी
श्री कालीनाथ कालेश्वर मन्दिर (न्यास)
एवं तहसीलदार, तह० रक्कड़ कांगड़ा (हि०प्र०)

परिशिष्ट - "घ"

सन्दर्भित पैरा संख्या : 6

## Certificate

On the behalf of certificate received from dealing person/office Kanungo Tehsil Rakkar, Distt.Kangra, it is certified that no gold item as donation is received in Shri Kalinath Kaleshwar Temple from August, 2018 to December, 2023.

30.5.24

Temple officer- Cum-
Tehsildar, Tehsil Rakkar,
Distt. Kangra, H.P

परिशिष्ट - "ड." सन्दर्भित पैरा संख्या : 6.1

मन्दिर न्यास श्री कालीनाथ कालेश्वर महादेव तहसील रक्कड़ की अवधि 08/2018 से 31.12.2023 तक के दौरान चांदी की स्थिति :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| अवधि 02.08.2018 से 31.12.2018 | | | |
| | किलोग्राम | ग्राम | मिली ग्राम |
| प्रारम्भिक शेष | शून्य | शून्य | शून्य |
| प्राप्ति | शून्य | शून्य | शून्य |
| कुल योग (31.12.2018) | शून्य | शून्य | शून्य |
| अवधि 01.01.2019 से 31.12.2019 | | | |
| गत शेष | शून्य | शून्य | शून्य |
| प्राप्ति | 0 | 23 | 710 |
| कुल योग (31.12.2019) | 0 | 23 | 710 |
| अवधि 01.01.2020 से 31.12.2020 | | | |
| गत शेष | 0 | 23 | 710 |
| प्राप्ति | शून्य | शून्य | शून्य |
| कुल योग | 0 | 23 | 710 |

मन्दिर अधिकारी
श्री कालीनाथ कालेश्वर मन्दिर (न्यास)
एवं तहसीलदार, तेह० रक्कड़ काँगड़ा (हि०प्र०)

| | | | |
|---|---|---|---|
| अवधि 01.01.2021 से 31.12.2021 | | | |
| गत शेष | 0 | 23 | 710 |
| प्राप्ति | शून्य | शून्य | शून्य |
| कुल योग | 0 | 23 | 710 |
| अवधि 01.01.2022 से 31.12.2022 | | | |
| गत शेष | 0 | 23 | 710 |
| प्राप्ति | 0 | 73 | 079 |
| कुल योग | 0 | 96 | 789 |
| अवधि 01.01.2023 से 31.12.2023 | | | |
| गत शेष | 0 | 96 | 789 |
| प्राप्ति | 0 | 47 | 098 |
| कुल योग | 0 | 143 | 887 |

मन्दिर अधिकारी
श्री कालीनाथ कालेश्वर मन्दिर (न्यास)
एवं तहसीलदार, तेह० रक्कड़ काँगड़ा (हि०प्र०)